कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग अल्मोड़ा
*Office of the Executive Engineer , PWD, Almora Uttarakhand*
**E-mail:eepdalmora@rediff.com**

पत्रांक 2366 /7सी0 दिनांक 23 सितम्बर 2022

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी,
अल्मोड़ा वन प्रभाग,
अल्मोड़ा।

**विषयः** **जनपद अल्मोड़ा में विधानसभा क्षेत्र जागेश्वर में चैलछीना –बसन्तपुर–जैंती मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 2.602 है0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन (प्रस्ताव सं0 38787/2019)**

**संदर्भः** **भारत सरकार का पत्र सं0 8बी0/यू0सी0पी0/06/01/2022/एफ0सी0/1415 दिनॉक 12.01.2022 एवं आपका पृष्ठांकन पत्र सं0 मैमो/12–1 दिनॉक 27.01.2022**

महोदय,

उपरोक्त विषयगत संदर्भित पत्र के क्रम में सूचित की गयी आपत्तियों का निराकरण निम्नवत हैः–

| क्रम सं0 | आपत्ति | निराकरण |
|---|---|---|
| 1 | प्रस्तावित मार्ग के के0एम0एल0 फाईल के अवलोकन उपरान्त प्रतीत होता है कि उक्त क्षेत्र में बहुत से पूर्व निर्मित मार्ग उपलब्ध है जिनके बारे में सही जानकारी की अस्पष्टता है। यह भी स्पष्ट नहीं है कि यह मार्ग पैदल मार्ग है अथवा पक्के मार्ग या इन्ही मार्गों का उपयोग सम्बन्धित गॉवों को जोड़ने में क्यों नहीं किया जा सकता? इसके अतिरिक्त नयासंग्रोली एवं रोशीला गांव पूर्व से ही मार्ग पर जुड़े हैं। नया संग्रोली गांव प्रस्तावित मार्ग से काफी दूरी पर भी है। साथ ही त्यूनरा एवं टिकर मार्ग से जुड़े हुए प्रतीत होते हैं।<br>अतः आपसे अनुरोध है कि सीधे तौर पर लाभान्वित होने वाले गॉवों की स्थिति से अवगत करायें तथा लाभान्वित होने वाले गॉवों की मुख्य/पक्के मार्ग से दूरी को इंगित करते हुये एक विस्तृत स्पष्टीकरण जो कि आई0आर0सी0 के मानकों के अनुरूप प्रस्तावित समरेखण को Justify करता हो इस कार्यालय में प्रेषित करने का कष्ट करें। | प्रस्तावित मार्ग छाजा–फटक्वालडूगरा मोटर मार्ग से प्रारम्भ होता है एवं थुवासिमल बिनौला आरा दाडिमी रीठाखाल मोटर मार्ग पर समाप्त होता है। प्रस्तावित संरेखण के बीच में कुशैलबैण्ड थुवासिमल मोटर मार्ग निर्मितं है। जिसको उक्त प्रस्तावित मार्ग क्रास करते हुये अपने अन्तिम बिन्दु की ओर जाता है। नयासंग्रोली एवं रोशीला गॉव अन्य मोटर मार्ग से जुड़े हैं किन्तु तहसील, बैंक, डिग्री कालेज, आई0टी0आई0, पॉलीटैक्निक, डॉकघर जैंती में होने के कारण उक्त प्रस्तावित मार्ग को बनाया जाना नितान्त आवश्यक है।<br>उक्त मार्ग से ग्राम त्यूनरा, रौंसिला, बडियार रैत, टिकर, रणक, नयासंग्रोली गॉव लाभान्वित होते हैं। उक्त ग्रामों की पूर्व निर्मित मोटर मार्ग से उर्ध्वाधर दूरी लगभग क्रमशः 120मी0, 50मी0, 100मी0, 50मी0, 100मी0, 30 मी0 हैं किन्तु प्रस्तावित मार्ग से आमजन विभिन्न संस्थानों(तहसील, बैंक, डिग्री कालेज, आई0टी0आई0, पॉलीटैक्निक, डॉकघर) हेतु जैंती जाना होता है जिसकी दूरी प्रस्तावित मार्ग से 12 कि0मी0 एवं अन्य मार्गों से 50 से 60 कि0मी0 होती है। ग्रामवासियों की सुविधा हेतु प्रस्तावित मार्ग बनाया जाना नितान्त आवश्यक है। |
| 2 | पातन होने वाले वृक्षों की गणना सम्भवतः 9 मी0 पर की गयी है। अतः उक्त गणना को 7 मी0 चौड़ाई पर गणना कर प्रेषित करने का कष्ट करें। | वृक्षों की गणना 7 मी0 चौड़ाई पर कर ली गयी है। वृक्षों की सूची अतिरिक्त सूचनाओं के बिन्दु सं0 5५ पर अपलोड कर ली गयी है। |
| 3. | राज्य सरकार, सी0ए0 हेतु प्रस्तुत के0एम0एल0 तथा डिजिटल मानचित्र में ~~क्रम~~ Shape की विभिन्नता को दूर करने का कष्ट करें। | सी0ए0 हेतु प्रस्तुत के0एम0एल0 की शेप ठीक कर ली गयी है। |

संलग्न- मानचित्र 4 प्रतियों में,

भवदीय,

अधिशासी अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,अल्मोड़ा।

पत्रांक /7सी0 तद्दिनॉकित

**प्रतिलिपि**– सहायक अभियन्ता(चतुर्थ), प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, अल्मोड़ा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

अधिशासी अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,अल्मोड़ा।